विवरण

क्रम संख्या	दूरदर्शन द्वारा प्रसारित कमी-शन्ड धारावाहिक
1.	सद्गति
2.	दा
3.	जेवर
4.	तसवीर अपनी-अपनी
5.	आदमी और औरत
6.	गोकुल
7.	रंग
8.	दिल एक मुसाफिर
9.	कागज की नाव
10.	वक्त की आवाज
11.	न भूले हैं न भूलेंगे
12.	खामोशी के दायरे
13.	सौगात
14.	सौपान
15.	आरती
16.	पिकनिक
17.	देना पावना
18.	मैली सुगन्ध
19.	अकांक्षा
20.	बन्नड़ बेप
21.	जहर-ए-इश्क
22.	इन व्हिच एन्नी गिब्स इट दोज आन
23.	दासी
24.	दूसरा कदम
25.	टू टू
26.	दीदी
27.	शीमाना
28.	विवेक
29.	रिश्ते
30.	छउआ
31.	थारासु
32.	संदेश
33.	आखिरी खबर
34.	एक साधारण आदमी
35.	नया जीवन
36.	महेक

आकाशवाणी और दूरदर्शन की विश्वसनीयता

1411. **श्रीमती वीणा वर्मा :**

श्री कपिल वर्मा :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी और दूरदर्शन की विश्वसनीयता कम होती जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) यदि नहीं, तो क्या यह सच है कि जब कोई राष्ट्रीय समस्या उत्पन्न होती है तो लोग वास्तविकता जानने के लिए बी०बी०सी० और अन्य विदेशी एजेंसियों को सुनते हैं ; और

(घ) सरकार द्वारा इस दिशा में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) जी नहीं।

(ख) यह सवाल पैदा ही नहीं होता।

(ग) और (घ) आकाशवाणी और दूरदर्शन का यह सतत प्रयास है कि समाचारों को समाचार नीति और मार्ग-निर्देशों के अनुसार, समाचारिकता और समाचारिक महत्व को देखते हुए प्रस्तुत किया जाय।

दूरदर्शन के विज्ञापनों का जनता के लिए उपयोगी न होना

1412. **श्री कपिल वर्मा :**

श्रीमती वीणा वर्मा :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विज्ञापन दूरदर्शन की आय का प्रमुख स्रोत है ;